सूर्योदय 5.59AM सूर्यास्त 6.43PM
चंद्रोदय 04.08AM चंद्रास्त 04.08PM
भाद्रपद-14 कृष्ण-10
सूर्य राशि : सिंह
तिथिः त्रयोदशी 03:40AM
नक्षत्रः पुष्य 07:39PM
योगः वरीयान् 05:39PM
करणः गर 02:59PM

वर्ष : 5 अंक : 327 मूल्य : 4 रू.
RNI No. -DELHIN/2019/78266
newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org
मदरलैण्ड वॉइस
शनिवार, 31 अगस्त 2024
राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र
दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

खेल ही नहीं विज्ञान में भी जरूरी हैं अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना - डॉ पी सी पंचारिया

» **मदरलैंड संवाददाता**

- सीएसआईआर-सीरी में राष्ट्रीय खेल दिवस 2024 के उपलक्ष्य में आयोजित खेल गतिविधियों का समापन
- महिला वर्ग में टीम पी टी उषा और पुरुष वर्ग में टीम धनराज पिल्ले बने चैमपियन

पिलानी। सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी), पिलानी में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 28 और 29 अगस्त को विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। सुप्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद की स्मृति में देशभर में मनाए जा रहे राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारत सरकार के खेल मंत्रालय और सीएसआईआर मुख्यालय के निदेशानुसार सीएसआईआर-सीरी में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन हुआ। समारोह का समापन 29 अगस्त को एक विशेष सम्मान समारोह के साथ किया गया जिसमें संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने विजेताओं को मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय खेल दिवस ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। पुरुष वर्ग में विजेता ट्रॉफी धनराज पिल्ले टीम ने और महिला वर्ग में पी टी ऊषा टीम ने जीती। सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने अपने संबोधन में विजेता टीमों को बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना खेल ही नहीं विज्ञान में भी सफलता का मूल मंत्र हैं। इससे पूर्व राष्ट्रीय खेल दिवस गतिविधियों का शुभारंभ करते हुए डॉ. पी.सी. पंचारिया ने सभी खिलाड़ियों को स्वास्थ्य और फिटनेस की शपथ दिलाई और खिलाड़ियों को खेल और टीम भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय खेल दिवस खेलों के महानायक मेजर ध्यान चंद की जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष 29 अगस्त को मनाया जाता है। संस्थान में कुल आठ टीमों के 312 खिलाडियों में टेनिस बॉल क्रिकेट, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, रस्साकशी (टग ऑफ वॉर), बास्केटबॉल, रिले रेस और फुटबॉल खेलों में कड़े मुकाबले हुए। प्रसिद्ध खिलाड़ियों और स्वतंत्रता सेनानियों के नामों पर टीमों का गठन किया गया था। पुरुष वर्ग में मिल्खा सिंह, कपिल देव, चंद्रशेखर आजाद, ऊधम सिंह, अभिनव बिन्द्रा और धनराज पिल्ले टीमों ने तथा महिलाओं के वर्ग में स्मृति मंधाना और पी टी उषा टीमों ने प्रतिभागिता की। पी टी ऊषा (महिला टीम) और धनराज पिल्ले (पुरुष टीम) ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। स्टाफ क्लब के सचिव डॉ नीरज ने खेल प्रतियोगिताओं का विस्तृत ब्योरा दिया। उपाध्यक्ष एवं प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण ने भी विजेताओं को बधाई दी। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन क्लब की संयुक्त सचिव सुश्री चांदनी दीक्षित ने किया।